हीरो एंटरप्राइज़ की मेज़बानी में आयोजित 11वें माइंडमाइन समिट में शीर्ष नेताओं और विचारकों ने अवरोध के मद्देनजर भारत और समाज, राजनीति, कारोबार एवं राजकाज में आ रहे बदलाव पर चर्चा की

नयी दिल्ली। हीरो एंटरप्राइजेज़ द्वारा स्थापित एक स्वतंत्र थिंक टैंक माइंडमाइन इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित भारत के सबसे प्रभावशाली विचार मंच माइंडमाइन समिट का 11वां संस्करण आज राष्ट्रीय राजधानी में संपन्न हुआ। सरकार में वरिष्ठ मंत्री, उद्योगपति और विभिन्न क्षेत्रों से विचारक इस दो दिवसीय समिट में अपने विचारों का आदान प्रदान करने के लिए एक मंच पर आए। इस साल के इस दो दिवसीय समिट का विषय रहा श्अवरोध-भारत के लिए नयी सामान्य चीज़ष्श् इस समिट का उद्घाटन माननीय शहरी विकास, आवास एवं शहरी गरीबी उन्मूलन मंत्री श्री वेंकैया नायडू ने किया।